# Daily Current Affairs

Date : 22 December, 2025

UTKARSH CLASSES — CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | शिल्पग्राम उत्सव – 2025 (उदयपुर) |
| 2. | राज्य का पहला अंतर-राज्यीय बाघ स्थानांतरण |
| 3. | राज्य स्तरीय लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम (21 दिसंबर, 2025) |
| 4. | पाली के सवाईपुरा गाँव से 'स्मार्ट विलेज पहल' का शुभारंभ |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. राजस्थान में 'वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (WDFC)' की कुल लंबाई<br>2. अखिल भारतीय अनुराग साहित्य अलंकरण समारोह - 2025<br>3. वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट 2025<br>4. अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का 26वाँ वार्षिक अधिवेशन<br>5. "रश्मिपथ" पत्रिका का विमोचन<br>6. 78वें आर्मी डे परेड का संयुक्त कर्टन रेजर कार्यक्रम<br>7. मानव सुथार : विजय हजारे ट्रॉफी के लिए राजस्थान की टीम के कप्तान |
| 6. | प्रधानमंत्री की जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान यात्राएँ |
| 7. | नासा के अंतर्राष्ट्रीय स्पेस ऐप्स चैलेंज की विजेता: फोटोनिक्स ओडिसी नामक भारतीय टीम |
| 8. | सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय: कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) |
| 9. | डार्क ईगल हाइपरसोनिक मिसाइल प्रणाली |
| 10. | फास्ट पेट्रोल वेसल 'अमूल्य' |
| 11. | पेसा महोत्सव, 2025 |
| 12. | विकसित भारत-जी राम जी कानून, 2025 |
| 13. | राष्ट्रीय गणित दिवस, 2025 : 22 दिसंबर |
| 14. | राष्ट्रीय किसान दिवस, 2025 : 23 दिसंबर |
| 15. | सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी, 2025 |
| 16. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. 10वां स्वच्छ सर्वेक्षण, 2025 |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## शिल्पग्राम उत्सव – 2025 (उदयपुर)

### चर्चा में क्यों?

- 21 दिसंबर, 2025 को राजस्थान के राज्यपाल और पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर के अध्यक्ष हरिभाऊ किसनराव बागडे ने 'शिल्पग्राम उत्सव-2025' का उद्घाटन किया।




### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन स्थल :** उदयपुर स्थित शिल्पग्राम।
- **आयोजक :** केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय के तहत पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर।
- **थीम :** 'लोक के रंग-लोक के संग।'
- इस उत्सव का आयोजन 21 से 30 दिसंबर, 2025 तक किया जाएगा।
- राज्यपाल द्वारा 'शिल्पग्राम उत्सव' के उद्घाटन कार्यक्रम में दो व्यक्तित्वों को 'डॉ. कोमल कोठारी स्मृति लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' प्रदान किया गया। पुरस्कारस्वरूप प्रत्येक को एक रजत पट्टिका और ₹2.51 लाख की राशि प्रदान की गई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### पुरस्कार प्राप्तकर्ता :

- **रामनाथ चौधरी (जयपुर) :** जयपुर के पदमपुरा निवासी रामनाथ चौधरी नाक से अलगोजा बजाने वाले दुनिया के अकेले कलाकार हैं। अलगोजा राजस्थान का राज्य वाद्य यंत्र है।
- **डॉ. निरंजन वल्लभभाई राज्यगुरु (राजकोट, गुजरात) :** लोक एवं भक्ति संगीत पर फील्ड वर्क कर 700 घंटे का ध्वनि मुद्रांकन किया है।

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर

- **स्थापना :** 1985 से 1987 के मध्य।
- **अध्यक्ष :** राजस्थान के राज्यपाल।
- **मुख्यालय :** बागोर की हवेली, उदयपुर।
- **उद्देश्य :** प्रदर्शन कला, दृश्य कला, लोक कला, पारंपरिक कला और आदिवासी कला के माध्यम से पश्चिमी भारत की सांस्कृतिक विविधता को संरक्षित करना।
- पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र 'शिल्पग्राम' स्थापित करने वाला भारत का पहला केंद्र था।
- इस केंद्र द्वारा प्रति वर्ष दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में उदयपुर के शिल्पग्राम में 'शिल्पग्राम उत्सव' का आयोजन किया जाता है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राज्य का पहला अंतर-राज्यीय बाघ स्थानांतरण

## चर्चा में क्यों?

- 21 दिसंबर, 2025 को मध्य प्रदेश के 'पेंच टाइगर रिज़र्व' से राजस्थान के 'रामगढ़ विषधारी टाइगर रिज़र्व' में 'राज्य का पहला अंतर-राज्यीय बाघ स्थानांतरण' सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।



## मुख्य बिन्दु:

- **उद्देश्य :** टाइगर रिज़र्व में आनुवंशिक विविधता (Genetic Diversity) लाना और अंत:प्रजनन (Inbreeding) के जोखिम को कम करना।
- **परिवहन :** भारतीय वायुसेना के MI-17 हेलीकॉप्टर द्वारा।
- भारत में यह केवल दूसरी बार है जब इंटर-स्टेट टाइगर ट्रांसलोकेशन का प्रयास किया गया। पहला इंटर-स्टेट टाइगर ट्रांसलोकेशन वर्ष 2018 में किया गया था जो असफल रहा। इसके तहत कान्हा टाइगर रिज़र्व और बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व (मध्य प्रदेश) से क्रमश: एक नर और एक मादा बाघ सतकोसिया टाइगर रिज़र्व (ओडिशा) में लाए गए थे।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## रामगढ़ विषधारी टाइगर रिज़र्व:

- **अवस्थिति :** बूंदी ज़िले में स्थित है, जिसका विस्तार कोटा और भीलवाड़ा तक है।
- यह प्राचीन अरावली पहाड़ियों में स्थित है, जिसमें मेज, रामगढ़ और खारी जैसी मौसमी नदियाँ बहती हैं।
- इसे वर्ष 2022 में रणथंभौर, सरिस्का और मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिज़र्व के बाद राजस्थान का चौथा टाइगर रिज़र्व घोषित किया गया था।

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### राजस्थान में स्थित टाइगर रिज़र्व :-

| क्रमांक | टाइगर रिज़र्व | घोषणा का वर्ष | शामिल जिले |
|---|---|---|---|
| 1. | रणथंभौर टाइगर रिज़र्व | 1973 | सवाई माधोपुर, करौली, बूंदी, टोंक |
| 2. | सरिस्का टाइगर रिज़र्व | 1978 | अलवर, जयपुर, कोटपूतली-बहरोड़ |
| 3. | मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिज़र्व | 2013 | कोटा, बूंदी, झालावाड़, चित्तौड़गढ़ |
| 4. | रामगढ़ विषधारी टाइगर रिज़र्व | 2022 | बूंदी, कोटा |
| 5. | धौलपुर-करौली टाइगर रिज़र्व | 2023 | धौलपुर, करौली |

- **नोट :** राजस्थान के छठे टाइगर रिज़र्व के रूप में कुंभलगढ़ टाइगर रिज़र्व प्रस्तावित है, जिसमें राजसमंद और उदयपुर जिलों के क्षेत्र शामिल होंगे।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राज्य स्तरीय लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम (21 दिसंबर, 2025)

## चर्चा में क्यों?

- 21 दिसंबर, 2025 को जयपुर में 'राज्य स्तरीय लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम' का आयोजन किया गया।



## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन स्थल :** हरीश चंद्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (HCM RIPA), जयपुर।
- कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा 60 लखपति दीदियों के साथ संवाद किया गया।
- राजस्थान सरकार ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और उनके सशक्तीकरण के लिए प्रदेश में 19 लाख 45 हजार महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर 12 लाख से अधिक लखपति दीदी बनाई है। (स्रोत - DIPR)
- **मिशन पंच रत्न :** मिशन पंच रत्न का उद्देश्य राजस्थान में स्वयं सहायता समूह (SHGs) की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों के लिए बेहतर बाजार पहुंच प्रदान करना और स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के लिए विभिन्न सेवा क्षेत्रों में अवसर उपलब्ध कराना हैं। पंच रत्न में शामिल हैं - भौतिक स्टोर बिक्री, सरकारी खरीद, ऑनलाइन बिक्री, निर्यात संवर्धन और सेवा क्षेत्र में अवसर।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### लखपति दीदी योजना:


- **शुरुआत :** वर्ष 2023 में।
- **संबंधित मंत्रालय :** केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय।
- **योजना का उद्देश्य :** स्वयं सहायता समूहों (SHG) की महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें स्थायी आधार पर प्रति वर्ष कम से कम एक लाख रुपये की न्यूनतम आय अर्जित करने में सक्षम बनाना।
- लखपति दीदी पहल के लिए कोई अलग बजट आवंटित नहीं किया गया है। इस पहल की सभी गतिविधियाँ दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) योजना के अंतर्गत वित्त पोषित हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पाली के सवाईपुरा गाँव से 'स्मार्ट विलेज पहल' का शुभारंभ

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत 'काउंसिल ऑफ़ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च (CSIR)' द्वारा पाली जिले के सवाईपुरा गाँव से 'स्मार्ट विलेज मिशन मोड प्रोजेक्ट' का शुभारंभ किया गया।





## मुख्य बिन्दु:

- CSIR द्वारा इस पहल के अंतर्गत भारत के विभिन्न जलवायु क्षेत्रों में स्थित छह ग्रामों का चयन किया गया है। इनमें पाली के सवाईपुरा गाँव को 'गर्म व शुष्क जोन' में शामिल किया गया हैं।
- यह परियोजना स्वदेशी CSIR प्रौद्योगिकियों के माध्यम से प्रमुख ग्राम विकास संकेतकों में सुधार करते हुए समग्र ग्राम विकास पर केंद्रित है, जो "लैब टू लैंड" के मार्गदर्शक सिद्धांत का अनुसरण करती है।
- इस मिशन का नेतृत्व CSIR-केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (CBRI), रुड़की द्वारा किया जा रहा है, जिसमें CSIR की 13 अन्य सहभागी प्रयोगशालाएं शामिल हैं।
- यह पहल 'विकसित भारत@2047' के विज़न के अनुरूप ग्रामीण भारत के समग्र एवं सतत विकास की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **राजस्थान में 'वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (WDFC)' की कुल लंबाई** |




- **भारतीय रेलवे द्वारा विकसित किए जा रहे 1506 किलोमीटर लंबे वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर में से लगभग 564 किलोमीटर का खंड राजस्थान से होकर गुजरता है।**
- **विस्तार : जवाहरलाल नेहरू पोर्ट टर्मिनल (JNPT), मुंबई से दादरी (उत्तर प्रदेश) तक।**
- **क्रियान्वयन : रेल मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (DFCCIL) द्वारा।**



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 2. अखिल भारतीय अनुराग साहित्य अलंकरण समारोह – 2025




- राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने अनुराग सेवा संस्थान के 31 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित अखिल भारतीय अनुराग साहित्य अलंकरण समारोह में विभिन्न राज्यों से चयनित 31 साहित्यकारों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।
- **आयोजन :** अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, लालसोट (दौसा)।

## 3. वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट 2025

- **आयोजन :** 20 और 21 दिसंबर, 2025, जयपुर में।
- **आयोजक :** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट एवं संस्कृति युवा संस्था।

## 4. अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का 26वाँ वार्षिक अधिवेशन

- 20 और 21 दिसंबर, 2025 को आर्मी एरिया ऑडिटोरियम, जयपुर में 'अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद् का 26वाँ वार्षिक अधिवेशन' आयोजित किया गया।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 5. | **"रश्मिपथ" पत्रिका का विमोचन**<br>■ हाल ही में, राज्यपाल हरिभाऊ बागडे द्वारा 'भारतीय शिक्षण मंडल' की वार्षिक पत्रिका "रश्मिपथ" के भारतीय ज्ञान परम्परा अंक का विमोचन किया गया। |
| 6. | **78वें आर्मी डे परेड का संयुक्त कर्टन रेजर कार्यक्रम**<br>■ हाल ही में, जयपुर इंजीनियरिंग कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में 78वें आर्मी डे परेड का संयुक्त कर्टन रेजर कार्यक्रम आयोजित किया गया।<br>■ ज्ञातव्य है कि आर्मी डे परेड 2026 जगतपुरा (जयपुर) के महल रोड पर आयोजित की जाएगी।<br>■ 8 से 12 जनवरी, 2026 तक 'नो योर आर्मी' (अपनी सेना को जानो) प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। |
| 7. | **मानव सुथार : विजय हजारे ट्रॉफी के लिए राजस्थान की टीम के कप्तान**<br>■ हाल ही में, राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा विजय हजारे ट्रॉफी के लिए घोषित राजस्थान टीम का कप्तान मानव सुथार को बनाया गया है।<br>■ उप-कप्तान : अनिकेत चौधरी।<br>■ राजस्थान की टीम में 7 खिलाड़ी ऐसे हैं जो कि आगामी IPL में विभिन्न फ्रेंचाइजी के लिए खेलेंगे। |

SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## प्रधानमंत्री की जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान यात्राएँ

### चर्चा में क्यों?

- 15 से 17 दिसंबर, 2025 के मध्य भारतीय प्रधानमंत्री ने जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की आधिकारिक यात्रा सम्पन्न की।



### मुख्य बिन्दु:

- **यात्रा का उद्देश्य:** पश्चिम एशिया और अफ्रीका में रणनीतिक साझेदारों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना।
- **जॉर्डन यात्रा:** जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय के निमंत्रण पर 15 से 16 दिसंबर, 2025 तक।
- वर्ष 2025 में भारत और जॉर्डन के मध्य राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगाँठ हैं (संबंध स्थापित: वर्ष 1950)।
- जॉर्डन फॉस्फेट और पोटाश उर्वरकों के भारत के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ताओं में से एक है।
- जॉर्डन वर्ष 2009 से भारतीय पर्यटकों को आगमन पर वीज़ा और वर्ष 2023 से ई-वीज़ा प्रदान करता है।

**प्रमुख परिणाम और समझौते:**

1. पेट्रा और एलोरा के मध्य समझौता।
2. वर्ष 2025 से 2029 के लिए सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का नवीनीकरण।
3. भारत व्यापार में जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा साझेदार है। दोनों देशों का लक्ष्य आपसी व्यापार को बढ़ा कर अगले 5 वर्षों में 5 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा के स्तर पर पहुंचाने का है (वर्ष 2024 में द्विपक्षीय व्यापार; 2.3 अरब डॉलर)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## जॉर्डन:

- **आधिकारिक नाम:** हाशेमी किंगडम ऑफ जॉर्डन।
- **राजधानी:** अम्मान।
- **स्थान:** जॉर्डन मध्य पूर्व में अवस्थित है और सीरिया, इराक, सऊदी अरब, इजरायल और फिलिस्तीन से घिरा हुआ है।
- **मृत सागर:** पृथ्वी का सबसे निचला बिंदु, अपने अत्यधिक खारे जल के लिए प्रसिद्ध है।




- **इथियोपिया यात्रा:** इथियोपिया के प्रधानमंत्री डॉ. अबीय अहमद अली के निमंत्रण पर 16 से 17 दिसम्बर 2025 तक।
- प्रधानमंत्री की इथियोपिया की दो दिवसीय द्विपक्षीय यात्रा उनकी पहली आधिकारिक यात्रा है।
- प्रधानमंत्री मोदी को इथियोपिया के सर्वोच्च राजकीय पुरस्कार 'ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया' से सम्मानित किया गया।
- वित्त वर्ष 2024-25 में भारत-इथियोपिया का कुल व्यापार 550.19 मिलियन डॉलर रहा (भारतीय निर्यात 476.81 मिलियन डॉलर और आयात 73.38 मिलियन डॉलर)।

| प्रमुख समझौता ज्ञापन | |
|---|---|
| इथियोपिया के विदेश मंत्रालय में डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए एमओयू। | G20 कॉमन फ्रेमवर्क के तहत् इथियोपिया के संबंध में ऋण पुनर्गठन पर एमओयू पर हस्ताक्षर। |
| संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना अभियानों के प्रशिक्षण में सहयोग के लिए कार्यान्वयन व्यवस्था (एमओयू)। | ICCR छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तहत् इथियोपियाई शोध छात्रों के लिए छात्रवृत्ति दोगुनी करना। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## इथियोपिया:

- इथियोपिया 'हॉर्न ऑफ अफ्रीका' में एक भू-आबद्ध देश है।
- **राजधानी:** अदीस अबाबा।
- **सीमावर्ती देश:** उत्तर में इरिट्रिया, पूर्व में जिबूती और सोमालिया, दक्षिण में केन्या और पश्चिम में दक्षिण सूडान तथा सूडान।
- इथियोपिया अफ्रीकी संघ और अफ्रीका के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक आयोग के मुख्यालय की भी मेजबानी कर रहा है।




- **राजनयिक केंद्र:** अदीस अबाबा में अफ्रीकी संघ के मेजबान के रूप में, इथियोपिया को अक्सर 'अफ्रीका की राजनयिक राजधानी' के रूप में जाना जाता है।
- **भू-वैज्ञानिक और भौगोलिक विशेषताएँ:** इथियोपियाई उच्चभूमि और ग्रेट रिफ्ट वैली।

- **ओमान यात्रा:** ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक के निमंत्रण पर 17 से 18 दिसम्बर, 2025 तक
- वर्ष 2025 में भारत और ओमान के मध्य राजनयिक संबंधों की स्थापना की 70वीं वर्षगाँठ हैं।

1. समुद्री विरासत और संग्रहालय के क्षेत्र में एमओयू।
2. ओमान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और भारतीय उद्योग परिसंघ के बीच एमओयू।
3. व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (CEPA) पर हस्ताक्षर।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**ओमान:**





- **राजधानी: मस्कट**
- **स्थलीय सीमाएँ: ओमान तीन देशों के साथ अपनी सीमाएँ साझा करता है: उत्तर-पश्चिम में संयुक्त अरब अमीरात (UAE), पश्चिम में सऊदी अरब और दक्षिण-पश्चिम में यमन।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## नासा के अंतर्राष्ट्रीय स्पेस ऐप्स चैलेंज की विजेता: फोटोनिक्स ओडिसी नामक भारतीय टीम






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- **विजेता:** फोटोनिक्स ओडिसी नाम की एक भारतीय टीम नासा के सैटेलाइट इंटरनेट संकल्पना अंतर्राष्ट्रीय स्पेस ऐप्स चैलेंज, 2025 की विजेता बन गई है।
- नासा स्पेस ऐप्स के अनुसार विजेता टीम के सदस्य मनीष डी., एम. के., प्रशांत जी., राजलिंगम एन., राशि एम. और शक्ति आर. हैं।
- **कारण/ योगदान:** फोटोनिक्स ओडिसी ने दूरस्थ क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड पहुँच का विस्तार करने के लिए एक स्वतंत्र, चरणबद्ध उपग्रह इंटरनेट अवसंरचना का प्रस्ताव रखा और इसे पुरस्कार मिला।
- **परिचय:** वर्ष 2012 में शुरू हुआ इंटरनेशनल स्पेस ऐप्स चैलेंज, नासा का वार्षिक वैश्विक हैकाथॉन है, जिसका उद्देश्य विश्व भर के नागरिकों को एजेंसी के खुले डेटा का उपयोग करके वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने में शामिल करना है।
- इस परियोजना का उद्देश्य जमीनी निर्भरता को कम करते हुए भारत में 7 करोड़ से अधिक लोगों को ब्रॉडबैंड संचार से जोड़ना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय: कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR)

### चर्चा में क्यों?

- सर्वोच्च न्यायालय ने एम. के. रंजीतसिंह और अन्य बनाम भारत संघ मामले के निर्णय के अनुसार कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) में पर्यावरण और पारिस्थितिकी को अंतर्निहित रूप से शामिल किया जाना चाहिए, यह मानते हुए कि पर्यावरण संरक्षण पर CSR खर्च दान नहीं है बल्कि अनुच्छेद 51A (g) के तहत् एक संवैधानिक दायित्व है ।




### मुख्य बिन्दु:

- **कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR):** यह एक प्रबंधन ढाँचा है जो सामाजिक और पर्यावरणीय विचारों को व्यापार संचालन एवं हितधारकों के साथ अंत:क्रियाओं में एकीकृत करता है, जो समाज कल्याण के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- भारत में CSR की अवधारणा सर्वप्रथम वर्ष 2009 में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा स्वैच्छिक दिशानिर्देशों के माध्यम से प्रस्तुत की गई थी और बाद में वर्ष 2011 में सामाजिक, पर्यावरणीय एवं आर्थिक उत्तरदायित्वों पर राष्ट्रीय स्वैच्छिक दिशानिर्देशों में परिष्कृत की गई।
- **CSR पात्रता के मानदंड (धारा 135, कंपनी अधिनियम, 2013):** भारत में कंपनी अधिनियम, 2013 के माध्यम से CSR को अनिवार्य बनाया गया, जिससे भारत CSR खर्च को लेकर कानून बनाने वाला विश्व का पहला देश बन गया।
- CSR प्रावधान उन कंपनियों पर लागू होते हैं जो पिछले वित्तीय वर्ष में निम्नलिखित में से किसी एक शर्त को पूरा करती हैं:
- **कुल संपत्ति:** ₹500 करोड़ या उससे अधिक।
- **कारोबार:** ₹1,000 करोड़ या उससे अधिक।
- **शुद्ध लाभ:** ₹5 करोड़ या उससे अधिक।
- ऐसी कंपनियों को पिछले तीन वर्षों के औसत शुद्ध लाभ का कम से कम 2 प्रतिशत CSR गतिविधियों पर खर्च करना होगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## विज्ञान प्रौद्योगिकी

### डार्क ईगल हाइपरसोनिक मिसाइल प्रणाली

**चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, अमेरिकी सेना और नौसेना ने डार्क ईगल लॉन्ग-रेंज हाइपरसोनिक वेपन (LRHW का एकीकृत परीक्षण पूरा किया है।**



**मुख्य बिन्दु:**

- **परिचय: यह एक गैर-परमाणु, जमीन से लॉन्च की जाने वाली हाइपरसोनिक मिसाइल हथियार प्रणाली है।**
- **विकास: लॉकहीड मार्टिन और नॉर्थरोप ग्रुम्मन द्वारा।**

**विशेषताएं:**

- **इसमें चार ट्रांसपोर्टर इरेक्टर लॉन्चर (TEL) से लैस एक मोबाइल ग्राउंड-बेस्ड बैटरी शामिल है, प्रत्येक TEL दो मिसाइलें लॉन्च करने में सक्षम है, इस प्रकार कुल आठ मिसाइलें लॉन्च की जा सकती हैं।**
- **अधिकतम गति: 17 मैक**
- **प्रत्येक हाइपरसोनिक मिसाइल ठोस ईंधन से चलने वाले दो-चरण वाले रॉकेट बूस्टर द्वारा संचालित होती है।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# फास्ट पेट्रोल वेसल 'अमूल्य'

## चर्चा में क्यों?

- भारतीय तटरक्षक बल (ICG) का जहाज 'अमूल्य', आठ नई पीढ़ी के आदम्या श्रेणी के तीव्र गश्ती पोतों की श्रृंखला में तीसरा पोत है, जिसे 19 दिसंबर, 2025 को गोवा में सेवा में शामिल किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- **अमूल्य का अर्थ:** 'अनमोल'
- **डिजाइनर और निर्माता:** गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (GSL)

**प्रमुख विशेषताएँ: 60% स्वदेशीकरण**

1. **प्रणोदन:** दो उन्नत 3000 किलोवाट डीजल इंजन
2. **गति:** 27 समुद्री मील तक
3. **परिचालन क्षमता:** 1,500 समुद्री मील
4. **कार्य:** निगरानी, अवरोधन, खोज एवं बचाव, तस्करी विरोधी अभियान, प्रदूषण नियंत्रण
5. **तैनाती:** ओडिशा के पारादीप में स्थित, तटरक्षक क्षेत्र (पूर्वोत्तर) के अंतर्गत।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजव्यवस्था

## पेसा महोत्सव, 2025

**चर्चा में क्यों?**

- **23 से 24 दिसंबर, 2025 को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में पंचायती राज मंत्रालय द्वारा पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996 (पेसा) के लागू होने की वर्षगाँठ के अवसर पर लोक संस्कृति के उत्सव के रूप में दो दिवसीय 'पेसा महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है।**






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- **पेसा दिवस:** 24 दिसंबर
- 24 दिसंबर को सभी दस पेसा राज्यों में भी विशेष ग्राम सभाएँ आयोजित की जाएंगी, जिनका मुख्य उद्देश्य सामुदायिक भागीदारी को सुदृढ़ करना, प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षण देना, पारंपरिक रीति-रिवाजों की रक्षा, आजीविका के अवसरों का विस्तार करना और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना है।

**पेसा अधिनियम, 1996 :**

- 73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1992 के अनुसार, भारतीय संविधान के भाग IX में पंचायतों से संबंधित प्रावधान पांचवीं अनुसूची के क्षेत्रों पर लागू नहीं होते हैं।
- भारत के संविधान के अनुच्छेद 243M(4)(B) के तहत् संसद ने संविधान के भाग-IX के प्रावधानों को कुछ अपवादों और संशोधनों के साथ अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तारित करने हेतु "पंचायतों के प्रावधान (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996" (जिसे पेसा अधिनियम कहा जाता है) अधिनियमित किया।
- **लागू:** 24 दिसंबर, 1996 ई.
- अनुसूचित क्षेत्र वे इलाके हैं, जिन्हें माननीय राष्ट्रपति द्वारा घोषित किया जाता है। संविधान के अनुच्छेद 244(1) तथा पांचवीं अनुसूची में इन क्षेत्रों से संबंधित प्रावधान निहित हैं। चूंकि इन क्षेत्रों का उल्लेख संविधान की पांचवीं अनुसूची में किया गया है, इसलिए इन्हें पांचवीं अनुसूची क्षेत्र भी कहा जाता है।
- वर्तमान में, पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र 10 राज्यों में अधिसूचित हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान और तेलंगाना शामिल हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **अधिनियम के तहत् स्थापित समितियाँ:** PESA अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन की निगरानी के लिये कई समितियाँ कार्यरत हैं, जैसे:

1. शांति और विवाद निवारण समिति
2. वन संसाधन योजना और नियंत्रण समिति
3. सहयोग मातृ समिति (माता सहयोग समिति)


| प्रावधान | विवरण |
|---|---|
| ग्रामसभा | सामुदायिक भागीदारी के मंच के रूप में कार्य करना तथा विकास योजनाओं की देखरेख करना। |
| ग्राम स्तरीय संस्थाएँ | स्थानीय सेवाओं के लिये ग्राम पंचायत, ग्रामसभा और पंचायत समिति की स्थापना। |
| शक्तियाँ और कार्य | संसाधनों का प्रबंधन और आर्थिक गतिविधियों को विनियमित करने की शक्ति।<br>1. अनुसूचित क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं से पहले ग्रामसभा से परामर्श करना अनिवार्य है।<br>2. जनजातीय भूमि अधिकारों की रक्षा; भूमि अधिग्रहण/हस्तांतरण के लिये सहमति आवश्यक। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विकसित भारत-जी राम जी कानून, 2025

## चर्चा में क्यों?

- **भारत के राष्ट्रपति द्वारा संसद से पारित 'विकसित भारत–गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025' को स्वीकृति प्रदान की गई है।**




## मुख्य बिन्दु:

- **ग्रामीण गरीबी में वर्ष 2011–12 के 25.7 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2023–24 में लगभग 5 प्रतिशत तक तीव्र गिरावट आई है, जिससे संकट-निवारण कार्यक्रम के रूप में MGNREGA की आवश्यकता कम हुई है और उत्पादकता-आधारित रोज़गार की दिशा में बदलाव की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है।**
- **इस कानून ने लगभग दो दशक पुराने महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA), 2005 को प्रतिस्थापित किया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**प्रमुख प्रावधान:**

- **वैधानिक मज़दूरी रोज़गार गारंटी:** प्रत्येक ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्यों को, जो अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक हों, प्रति वित्तीय वर्ष 125 दिनों के मज़दूरी रोज़गार की कानूनी गारंटी प्रदान करता है।
- **सशर्त एवं गैर-सार्वभौमिक कवरेज:** MGNREGA की सार्वभौमिक कवरेज के विपरीत, इस विधेयक के तहत् रोज़गार केवल केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित ग्रामीण क्षेत्रों में ही उपलब्ध होगा, जिससे यह गारंटी राष्ट्रव्यापी न होकर सशर्त बन जाती है।
- **VGPP के माध्यम से बॉटम-अप योजना:** स्थानिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं (VGPPs) के निर्माण को अनिवार्य करता है, जिन्हें ब्लॉक, ज़िला और राज्य स्तर पर समेकित किया जाएगा तथा समन्वित अवसंरचना योजना के लिये पीएम गति शक्ति के साथ एकीकृत किया जाएगा।
- **केंद्रीय प्रायोजित योजना (CSS) संरचना:** लागत-साझेदारी पैटर्न को संशोधित कर अधिकांश राज्यों के लिये 60:40 (MGNREGA के तहत पहले 10% राज्य हिस्सेदारी के स्थान पर) कर दिया गया है, जिससे राज्यों पर वित्तीय भार में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उत्तर-पूर्वी और हिमालयी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिये 90:10 का पैटर्न यथावत रहेगा।
- **कृषि ऋतुओं के दौरान सुविधा:** यह विधेयक राज्यों को बुवाई और कटाई के चरम मौसम के दौरान, एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम 60 दिनों तक कार्यक्रम को स्थगित करने का अधिकार प्रदान करता है, जिससे कृषि गतिविधियों के लिये खेतिहर श्रम की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।
- **बेरोज़गारी भत्ता प्रावधान:** यदि कार्य की मांग किये जाने के 15 दिनों के भीतर रोज़गार उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो राज्य सरकारों द्वारा बेरोज़गारी भत्ता के भुगतान को अनिवार्य करता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## VB-G RAM G, MGNREGA में अंतर:

| आधार | मनरेगा (MGNREGA) | वी.बी.-जी. राम जी. (VB-G RAM G) |
|---|---|---|
| वित्तपोषण संरचना | ■ अकुशल श्रम मजदूरी लागत हेतु 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्तपोषण।<br>■ पूर्णतः मांग-आधारित एवं ओपन-एंडेड योजना; श्रमिकों द्वारा मांग किये गए कार्य के अनुरूप निधि का प्रवाह। | ■ केंद्र-राज्य; 60:40<br>■ पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों के लिए; 90:10<br>■ बिना विधानसभा वाले केंद्र शासित प्रदेशों के लिए; 100 प्रतिशत केंद्र सरकार। |
| काम की उपलब्धता | ■ वर्षभर कार्य की गारंटी। | ■ कृषि के चरम मौसम में अनिवार्य 60-दिवसीय स्थगन; परिणामस्वरूप वास्तविक कार्य-उपलब्धता एवं आय अवसरों में कमी। |
| प्रशासनिक सीमा | ■ प्रशासनिक व्यय कुल परिव्यय का अधिकतम 6 प्रतिशत । | ■ सीमा बढ़ाकर 9 प्रतिशत; स्टाफिंग, प्रशिक्षण एवं तकनीकी क्षमता पर अधिक व्यय की अनुमति। |
| शासन संरचना | ■ क्रियान्वयन एवं निगरानी हेतु केंद्रीय एवं राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषदों का गठन। | ■ केन्द्रीय और राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषदें यथावत।<br>■ अतिरिक्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय स्टीयरिंग समितियों का गठन।<br>■ परिवाद अन्वेषण एवं निधि निलंबन सहित केंद्र के प्रवर्तन अधिकारों में वृद्धि। |
| आवंटन तंत्र | ■ राज्य 31 जनवरी तक वार्षिक श्रम बजट प्रस्तुत करते थे; आवंटन आवश्यकता-आधारित एवं विधिक रूप से गारंटीकृत। | ■ श्रम बजट की व्यवस्था समाप्त।<br>■ केंद्र द्वारा ऑब्जेक्टिव पैरामीटर्स के आधार पर वार्षिक आवंटन, जिससे खर्च की सीमा तय होती है और सप्लाई-ड्रिवन मॉडल बनता है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## राष्ट्रीय गणित दिवस, 2025 : 22 दिसंबर

### चर्चा में क्यों?

- श्रीनिवास रामानुजन की जयंती (1887–1920) को प्रत्येक वर्ष 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस (NMD) के रूप में मनाया जाता है।



### मुख्य बिन्दु:

- **घोषणा:** वर्ष 2011
- **राष्ट्रीय गणित वर्ष:** वर्ष 2012


**भारत में उत्पन्न हुए कुछ प्रमुख गणितीय सिद्धांत और अवधारणाएँ :**

1. दशमलव संख्या पद्धति
2. शून्य की अवधारणा
3. ऋणात्मक संख्याओं के प्रारंभिक विचार

- **प्राचीन भारतीय इतिहास के प्रमुख गणितज्ञ:** आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त, वराहमिहिर और भास्कराचार्य द्वितीय ने अंकगणित, बीजगणित, ज्यामिति और त्रिकोणमिति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय किसान दिवस, 2025 : 23 दिसंबर




## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन:** 23 दिसंबर को चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में।
- **शुरुआत:** चौधरी चरण सिंह की जयंती को भारतीय कृषि और ग्रामीण विकास में उनके योगदान के लिये वर्ष 2001 से 'किसान दिवस' के रूप में मनाया जाता है।
- **प्रमुख योगदान:** दो बार उप-प्रधानमंत्री (जनवरी से जुलाई, 1979) और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में भी कार्य किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- ऋण राहत विधेयक, 1939 का प्रारूप तैयार किया, जिससे किसानों को साहूकारों से मुक्ति मिली तथा जोत सीमा आरोपण अधिनियम, 1960 में भूमि की अधिकतम सीमा को कम करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- विकेंद्रीकरण, ज़मीनी स्तर पर शासन और स्थानीय आर्थिक स्वायत्तता को बढ़ावा दिया।
- ग्रामीण विकास विभाग को मंत्रालय का दर्जा दिया तथा नाबार्ड की स्थापना में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की वकालत की, भूमिहीनों को लाभ पहुँचाने के लिये चकबंदी अधिनियम (1953) तथा उत्तरप्रदेश जमींदारी और भूमि सुधार अधिनियम (1952) पेश किये।
- कृषि-बाज़ार बुनियादी ढाँचे का निर्माण करते हुए कृषि उपज (ग्रेडिंग और मार्केटिंग) अधिनियम (1938) का प्रस्ताव रखा।
- वर्ष 2024 में सरकार ने उन्हें 4 अन्य पुरस्कार विजेताओं- कर्पूरी ठाकुर, मनकोम्बु संबाशिवन (MS) स्वामीनाथन, पामुलपर्थी वेंकट (P. V.) नरसिम्हा राव, लाल कृष्ण आडवाणी के साथ प्रतिष्ठित भारत रत्न से सम्मानित किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी, 2025

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, 2025-26 सीज़न में झारखंड ने पुणे में खेले गए फाइनल में हरियाणा को हराकर पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी हासिल की।



### मुख्य बिन्दु:

**सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी:**

- यह भारत में एक घरेलू ट्वेंटी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप है।
- **आयोजक:** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI)
- इसका नाम पूर्व टेस्ट क्रिकेटर सैयद मुश्ताक अली के नाम पर रखा गया है (वर्ष 2010)।
- **प्रथम संस्करण:** वर्ष 2006-07
- इसका पहला ख़िताब दिनेश कार्तिक की कप्तानी में तमिलनाडु ने जीता था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **10वां स्वच्छ सर्वेक्षण, 2025** |




- केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री ने मध्य प्रदेश के भोपाल में स्वच्छ सर्वेक्षण के 10वें संस्करण के लिए टूलकिट जारी किया।
- **इस वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण का विषय है:** Swacchata Ki Nayi Pehel-Badhayein Haath, Karein Safai Saath (स्वच्छता की नई पहल - बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ)



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR